# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 125 /भण्डार/2020 भोपाल, दिनांकः 16-9-2020

## खेल सामग्री क्रय हेतु तृतीय ई–निविदा वर्ष 2020

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के लिए "खेल सामग्री क्रय हेतु खुली तृतीय ई-निविदा वर्ष 2020" आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्ते, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर विजिट करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1,000=00 तथा निविदा प्रतिभूति राशि रुपये 2,00,000-00 मात्र हैं। इसे ऑन लाईन जमा किया जाना है।

निविदा का कुल मूल्य रुपयेः 1,00,00,000-00 है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधनकी जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है:-

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 17-9-2020 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download / Sale Start Date | 17-9-2020 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 17-9-2020 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 07-10-2020 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 07-10-2020 | |
| 06 | Bid Opening Date | 08-10-2020 | |

निविदा संबंधी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है। जिन फर्मो ने द्वितीय निविदा क्रमांकः 104/भण्डार/2020 दिनांकः 25-6-2020 में भाग लिया है उन्हें पुनः निविदा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

कुलसचिव

प्रभारी अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

खेल सामग्री क्रय हेतु तृतीय ई–निविदा – वर्ष 2020

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में खेल सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है।

1.3 खेल सामग्री क्रय की निविदा को वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमोनित मूल्य रुपयेः 1,00,00,000–00 है।

1.4 निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 17-9-2020 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download / Sale Start Date | 17-9-2020 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 17-9-2020 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 07-10-2020 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 07-10-2020 | |
| 06 | Bid Opening Date | 08-10-2020 | |

1.5 यदि निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारणों से निविदा नहीं खोली जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3–30 पर खोली जाएगी।

1.6 <u>प्रक्रिया–1</u> : निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000–00 (रूपये एक हजार मात्र) है। निविदा प्रतिभूति राशि रूपयेः2,00,000–00(रूपये दो लाख मात्र) है। इन्हें ऑन लाईन जमा किया जाना है। जमा की गई दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है।

उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रतिभूति राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जावेगा।

1.7 <u>प्रक्रिया–2</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–1 में योग्य पायी जाने वाली फर्म की ही तकनिकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने है।

1.8 <u>प्रक्रिया–3</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पायी जाने वाली फर्म की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को ऑन लाईन प्रस्तुत किया जाना है।

अनुभाग अधिकारी (क्रय)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 <u>अनुभवः</u>– संस्था द्वारा पिछले तीन वित्त वर्षो (2018-19, 2017-18, 2016-17) में मान्यता प्राप्त संस्था को खेल सामग्री प्रदाय का कायदिश प्राप्त किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें।

2.2 <u>टर्न ओवरः</u>–पिछले तीन वित्त वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16) में प्रत्येक वर्ष में न्यूनतम रूपये 3.00 करोड़ प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म की पिछले तीन वर्षो का टर्न ओव्हर तथा बेलेन्स शीट चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें।

2.3 <u>बेलेन्सशीटः</u>– पिछले तीन वित्त वर्ष (2017-18, 2016-17, 2015-16) की बेलेन्सशीट चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।

2.4 <u>आयकर रिटर्नः</u>–तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) के इनकम टेक्स रिटर्न (ITR) की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 <u>सेल्स टैक्स क्लीयरेन्सः</u>–विगत तीन वित्तीय वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) का सेल्स टेक्स कलीयरेन्स सर्टिफिकेट की छाया प्रति संलग्न करें।

2.6 <u>बैंक साल्वेन्सीः</u>–निविदाकर्ता फर्म को रूपये 50 लाख की बैंक सालवेन्सी निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2.7 <u>ब्लेक लिस्टः</u>–निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय।

2.8 <u>प्रमाण पत्र संलग्न करें</u>:–

(क) जी.एस.टी. (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।

(ख) आयकर (PANCARD) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।

(ग) रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.7 <u>निर्धारित प्रपत्र</u> :– निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नही हैं।

2.8 खेल सामग्री की गुणवत्ता हेतु निविदा में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायी जायेगीः–

1. <u>खेल सामग्रीः</u>– ट्रैक सूट, टी शर्ट, शर्ट्स (हाफ पेंट), साक्स (मौजे) एवं जूते के क्रय हेतु निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जायेगीः–

उपयोग क्रय सामग्री हेतु खेल विशेषज्ञों की समिति बाजार भ्रमण कर विश्वविद्यालय दल के खिलाड़ियों को दिये जाने हेतु अनुमानित बजट के सापेक्ष सर्वोत्तम गुणवत्ता की सामग्री चयनित कर उस पर समस्त खेल विशेषज्ञ समिति के सदस्य हस्ताक्षर करेंगे तथा वह सामग्री केन्द्रीय भण्डार में प्रदर्शित रहेगी। निविदाकर्ता उस सामग्री का अवलोकन कर उस सामग्री की गुणवत्ता के बराबर की गुणवत्ता की सामग्री पर दर डालेगा। यह प्रदर्शित सामग्री वर्ष भर संरक्षित रहेगी। जिस किसी फर्म को निविदा प्राप्त होगी।

अनुभाग अधिकारी (क्र. ...)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ...

प्रत्येक बार सामग्री प्रदाय कर समस्त खेल विशेषज्ञ की समिति प्रदाय सामग्री तथा प्रदर्शित सामग्री का मिलान कर गुणवत्ता प्रतिवेदन देगी तभी सामान स्वीकृत किया जायेगा।

02 <u>उपकरण</u> :- खेल उपकरण हेतु स्पेसिफिकेशन संलग्न है। कृपया उन्ही उपकरणों की दरें अंकित करे जो निम्नलिखित मापदण्ड आते हैः-

- उपकरण संबंधित खेल के राष्ट्रीय संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उपयोग किया जाता हो अर्थात् संघ के निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करता हो।
- उस खेल के राष्ट्रीय संघ की अधिकृत राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिस गुणवत्ता का उपकरण उपयोगिता हुआ हो।
- एक उपकरण के लिये उस उपकरण की अधिकतम तीन गुणवत्ता की दरें ही प्रस्तुत करें ही प्रस्तुत करें।
- गुणवत्ता के सापेक्ष दर की तुलना तकनीकी सदस्यों द्वारा की जायेगी।

03 <u>खेल सामग्री, ब्लेजर मोनो सहितः</u>- खेल विशेषज्ञों की समिति संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार बाजार से कपड़ा क्रय कर ब्लेजर सिला कर उसमें मोनों लगाकर प्रदर्शित करेगी। निविदाकर्ता उसी के सापेक्ष दर डालेंगे तथा इसी आधार पर दर निर्धारित होगी। ब्लेजर के लिये तैयार ब्लेजर मोनों सहित ही निविदा स्वीकृत होगी।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय

**निम्नांकित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना है**

| सं०क्र० | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000-00 जमा की रसीद |
| 02 | निविदा प्रतिभूति की राशि रूपये 2,00,000-00 जमा की रसीद |
| 03 | अनुभवः- संस्था द्वारा पिछले तीन वित्त वर्षो (2018-19, 2017-18, 2016-17) में मान्यता प्राप्त संस्था को खेल सामग्री प्रदाय का कायदिश प्राप्त किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। |
| 04 | टर्न ओवरः- पिछले तीन वित्त वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16) में प्रत्येक वर्ष में न्यूनतम रूपये 3.00 करोड़ प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म की पिछले तीन वर्षो का टर्न ओव्हर तथा बेलेन्स शीट चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें। |
| 05 | बेलेन्सशीटः- पिछले तीन वित्त वर्ष (2017-18, 2016-17, 2015-16) की बेलेन्सशीट चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें। |
| 06 | आयकर रिटर्नः-तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) के इनकम टेक्स रिटर्न (ITR) की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 07 | सेल्स टैक्स क्लीयरेन्सः-विगत तीन वित्तीय वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) का सेल्स टेक्स क्लीयरेन्स सर्टिफिकेट की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 08 | बैंक साल्वेन्सीः-निविदाकर्ता फर्म को रूपये 50 लाख की बैंक सालवेन्सी निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। |
| 09 | ब्लेक लिस्टः-निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। |
| 10 | जी.एस.टी. (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 11 | आयकर (PANCARD) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 12 | रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 11 | निविदा प्रपत्र ए-1 |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भो०

**शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित रू0 100-00 के स्टाम्प पेपर पर**

मै----------------------द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स--------------------निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ किः-

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं किया गया है।

(2) यह कि फर्म का खेल सामग्री प्रदाय प्रदाय संबंधी कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लंबित नहीं है।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था / उपक्रम की देनदारी शेष नहीं है।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार बरकतल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मै उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादन उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य है।

शपथग्रहिता

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 निविदाएं निरस्तः– विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी निविदा प्रतिभूति एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारी के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

3.2 अनुबन्धः–

3.21 प्रदाय आदेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को कुल निविदा की 5% प्रतिशत राशि की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) एफ.डी.आर. के रूप में कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। साथ ही एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तो के उल्लंघन पर निष्पादन प्रतिभूति को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।

3.22 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.23 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.24 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.25 यदि निविदा में सफल फर्म को विश्वविद्यालय द्वारा खेल सामग्री प्रदाय हेतु अनुबन्ध के लिए आमंत्रित करता है तथा फर्म अनुबन्ध के लिए उपस्थित नहीं होती है या फर्म निविदा वापस लेना चाहती है तो अथवा कायदिश पश्चात फर्म खेल सामग्री प्रदाय नहीं करती है तो फर्म द्वारा जमा की गई निविदा प्रतिभूति तथा निष्पादन प्रतिभूति विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जावेगी।

3.3 निविदाकर्ता फर्म की जिम्मेदारीः–

3.31 खेल सामग्री सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.32 खेल सामग्री प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.33 निविदा में दिए होजरी आयटम्स (ट्रेक सूट, टी शर्ट, साक्स, शार्टस, शूज, ब्लेजर एवं मोनों) निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार तथा विश्वविद्यालय के भंडार शाखा/शारीरिक शिक्षा विभाग में रखे सेम्पल की गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए।

3.4 टैक्स संबंधी विवरणः–

3.41 निविदा में सफल फर्म के देयकों के भुगतान से नियमानुसार टी.डी.एस. एवं नियमानुसार किए जाने वाले अन्य करों की कटौति/भुगतान की जावेगी।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**3.5 वित्तीय निविदाः-**

3.51 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देवें।

**3.6 दण्ड अधिरोपणः-**

3.61 उपयुक्त सामग्री प्रदाय न करने पर निम्नानुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगाः-

(क) अमान्य सामग्री निविदाकर्ता के व्यय पर वापस की जावेगी एवं देयक के मूल्य से 2.5 से 5 प्रतिशत की कटौति की जावेगी।

(ख) विलम्बः देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह होगा।

(दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.62 खेल सामग्री स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदादाता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी।

**3.7 निविदाएं मान्य न होनाः-**

3.71 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी निविदा प्रतिभूति लौटा दी जावेगी।

3.72 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई निविदा प्रतिभूति पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

**3.8 विश्वविद्यालय का अधिकारः-**

3.81 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.82 निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर विश्वविद्यालय स्व विवेक से पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.83 निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों को मान्य होगा।

3.84 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.85 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

3.86 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।



अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल